उपाधियों को प्राप्त करता रहता है। मानों देखो हमारे यहां राजा का नाम भी इन्द्र है। तुमने यह श्रवण किया होगा कि देखो सतोयुग और त्रेता के मानों काल की यह बहुत सी वार्ताए हैं, इन्द्र नाम राजा का है जो इन्द्र उपाधियों में निहित रहने वाला है। एक मानव जब तपस्वी बनता है एक सौ एक अश्वमेध याग कर लेता है वह मानव इन्द्र की उपाधि को प्राप्त हो जाता है। तो मेरे प्यारे एक सौ एक अश्वमेध याग उसे कहते हैं कि जिसका संसार में कोई शत्रु न रहे और वह इन्द्र बन करके बेटा जब वह याग करता है तो याज्ञिक मानों एक सौ एक याग करने की इस प्रकार वह इन्द्र की उपाधियों को प्राप्त होता रहा है। आचार्यों ने, ऋषि-मुनियों ने उसे इन्द्र की उपाधियों से बेटा अलंकृत किया है वह इन्द्र कहलाता है। तो हमारे यहां इन्द्र नाम परमपिता-परमात्मा का है जो प्रकृति का नेतृत्व करने वाला है और इन्द्र बेटा नाम आत्मा का जो शरीर में वास करने वाला इन्द्र है। इन्द्र उसे कहते हैं जो जितेन्द्रीय रहता है, मानों प्रत्येक इन्द्रियों के विषयो को जानने वाले को इन्द्र कहा जाता है। इन्द्र नाम राजा का है जो एक सो एक अश्वमेध-याग करता हुआ और वह इन्द्र की उपाधियों से अलंकृत किया जाता है उसे इन्द्र कहा जाता है। इन्द्र नाम बेटा! जो अपने में स्वामित्व की आभा में रत्त रहने वाला है। तो विचार आता रहता है हे इन्द्र! तू हमारा कल्याण-कारक है। तो जो इन्द्रो भव प्रमाणम ब्रह्मे वृतम वेद की आख्यायिका कहती है कि इन्द्र ही हमारा जीवन है और इन्द्र के द्वारा ही अपने जीवन को ऊंचा बना सकते हैं। तो मेरे प्यारे देखो **दक्षिण में इन्द्र रहता है** वह इन्द्रो समम ब्रह्मा देखो वही इन्द्र मानों विद्युत के रूप में रहता है। यहाँ राजा को इन्द्र कहते हैं वहां इन्द्र नाम बेटा देखो विद्युत को कहा जाता है।

हमारे एक अलंकार वैदिक-साहित्य में एक अलंकारिक चर्चाए आती हैं। क्या एक समय बेटा इन्द्र अपने स्थान पर विद्यमान हैं। वत्रासुर ने मुनिवरो देखो जब आक्रमण किया तो अ अमृतम उनकी पत्नी शचि ने यह कहा हे इन्द्र मानों देखो इस वत्रासुर का आक्रमण हो गया है अमृतम देखो वत्रासुर का वध किया जाए। तो इन्द्र बेटा अपने प्राण

मानों उत्तरायण जीवन बन गया। उत्तरायण का अभिप्राय बेटा देखो लोक में भी कहा गया है। जब यह सूर्य की दो प्रकार की कलाएं होती हैं एक उत्तरायण होता है एक दक्षिणायन होता है परन्तु मानव का जीवन जहाँ आता है वहां उत्तरायण का अभिप्रायः है कि मानव ज्ञानी और साधक बन जाए। मेरे प्यारे **ज्ञान का नाम उत्तरायण कहलाता है।** उनका जीवन जब उत्तरायण हो गया तो एक समय वह ब्रह्म की वार्ता प्रगट करने लगे। जब ब्रह्म की चर्चा करने लगे तो महारानी द्रोपदी ने यह कहा हे प्रभु! हे पितामह! आप ब्रह्म की वार्ता आज प्रगट कर रहे हैं परन्तु उस समय तुम्हारा यह मन, तुम्हारा यह ब्रह्म-ज्ञान कहा गया था जब मेरा मानों देखो सतीत्व को हनन करने के लिए तुम्हारे पौत्रों ने मानों अपने क्रियाकलाप को बनाया था तुम वहां विद्यमान थे। तो उस समय भीष्म ने कहा हे देव पुत्री! मानों देखो मेरा अमृतम देखो वह अर्जुन के पीछे की अवृतियों ने देखो वह रक्त मेरा नष्ट कर दिया है जो मानों देखो वह जो मैनें दुर्योधन का पाप का अन्न ग्रहण किया था राष्ट्रीय अन्न और देखो अब तुम्हारे पवित्र अन्न से मेरा मन पवित्र हो गया है इसलिए मुझे ब्रह्म मेरा जीवन उत्तरायण बन गया है। तो मेरे प्यारे देखो हमारे यहां यह कहा गया कि **उत्तरायण में सोम रहता है और सोम को पान करने वाला ही ज्ञानी कहलाता है।** तो मेरे प्यारे देखो उत्तरायण में गमन करने वाला अपने में महानता को प्राप्त रहता है। जब पितामह भीष्म का जीवन बेटा देखो उत्तरायण में चला गया उस समय उन्होंने देखो वह सब जितना भी कुटुम्ब उनका था वह सब विद्यमान कराए और उन्होंने कहा आज मैं अपने शरीर को त्याग रहा हूँ क्योंकि मेरा जीवन उत्तरायण हो गया है। उत्तरायण का अभिप्राय यह है कि मैं अपने शरीर को स्वेच्छा से त्याग सँकू। तो बेटा देखो वह ज्ञानी बन करके ही कर सकता है या योगाभ्यासाम भूतम ब्रह्मे **अन्न का पवित्र होना ही मुनिवरो मानव के जीवन में एक महानता को जन्म देना है।** तो मुनिवरो देखो उन्होंने उत्तरायण जब जीवन बन गया उत्तरायण का अभिप्राय यह है कि उत्तरायण कहते हैं ज्ञान को और दक्षिणायण कहते है अन्धकार को,

है। तो विचार आता रहता है कि इन्द्र नाम हमारे यहां देखो वह सोम वणेम् ब्रह्मा वह उसको वरूण बनाना चाहिए तो वह वरूण कहलाता है। **हमारे यहां जल का नाम भी वरूण है वह सोम कहलाता है।** जब वैज्ञानिकजन इस संसार में विज्ञान के स्वरूप में प्रवेश करते हैं तो तरलत्व पदार्थ को जान करके ही मुनिवरो देखों तेजोमयी से मिलान करते है और तेजोमयी और तरलत्व को ले करके गुरूत्व का मिलान करके यह तीन प्रकार के परमाणुओं को ले करके विज्ञान अपने में वैज्ञानिकता को प्राप्त होता है। तो विचार आता रहता है कि वह वरूण कहलाता है वह हमारा वरणीय है। **परमपिता-परमात्मा को भी वरूण कहा गया है।** तो आओ मेरे प्यारे देखो हम उसे अपना वरणीय स्वीकार करें और वही वरण करने के योग्य है। तो बेटा देखो उसे हम अपना स्वामित्व और उसको वरूण बना करके हम परमपिता-परमात्मा की उपासना करने वाले बनें। तो विचार आता रहता है बेटा वर्णम ब्रह्मा वर्णो देवत्वाम अभयम ब्रह्मे वर्णस्सुतम् हे अमृतम, हे मानव तू उसको अपना वरणीय बना। तो बेटा देखो प्रतीचीदिग् में देखो वरूण रहने वाला है। तो प्रतीचीदिग् की उपासना करें। यह ध्रुवाम भव ब्रह्मे लोकाम।

उदीचीदिक्

मेरे पुत्रो! देखो चतुर्थ में सोम आता है। जब चतुर्थकला का वर्णन आता है तो उसमें सोम आता है। हमारे यहां **सोम नाम बेटा ज्ञान को कहा गया है, सोम नाम मुनिवरो देखो अपने में यौगिकवाद को कहा गया है।** सोम कहते हैं जो मानों पान करने वाला है। मेरे प्यारे देखो मेरी प्यारी माता के गर्भस्थल में जब शिशु विद्यमान होता है तो माता उस समय देखो कुछ औषधियों का सोम बना करके पान करती है और वह ज्ञान का व्यवधान करती है। मुनिवरो देखो अपने गर्भस्थल में रहने वाले शिशु को वो ज्ञानी बनाती है वह मानों उसी आभा में रमण करती है देखो बाल्य को गर्भ-स्थल में शिक्षा देना प्रारम्भ करती है उस शिक्षा का नाम सोम कहा गया है। औषधियों के रसों को लेकर के जो माताएं जानती हैं मानों वह देखो उसको सोम बना करके पान

करती हैं। सोम नाम बेटा जहां औषधियों के रस को कहा गया है सोम नाम बेटा देखो ज्ञान को कहा गया है। जब मेरी प्यारी माता देखो अपने बाल्य को गर्भ-स्थल में कहती है हे बालक! बुद्धोसी, शुद्धोसि, निरंजनसी मानों यह कहती हैं तू शुद्ध है, बुद्ध है, निरंजन है तू मानों देखो अखण्ड रहने वाली ज्योति एक आत्मा है तो मानों देखो अपने में महान है। जब इस प्रकार माता अपने शिशु को आत्मा की आत्मा से वार्ता प्रगट करती है तो बेटा वह बाल्य आत्मवेत्ता बन जाता है। मेरे प्यारे देखो माता मदालसा का जीवन जब मुझे स्मरण आने लगता है तो हृदय गद-गद हो जाता है। माता मदालसा के गर्भ में जब आत्मा का प्रवेश हुआ तो वह तीन शब्दों की विवचेना करती रहती और कहती कि हे आत्मा तू शुद्ध है, हे आत्मा तू निरंजन है किसी काल में तू नष्ट नहीं होती। आत्म ब्रह्मा वर्णस्सुतम आत्माम देह व्रतम तू बुद्धोसी, शुद्धोसी और निरंजनसी तू बुद्धिमान भी है मानों देखो तू अखण्ड रहने वाली अनुपम ज्योति है। इस प्रकार माता जब अपने में उपास्य देव आत्मा की उपासना करती हुई अपने में जानने लगती है तो माता के गर्भ-स्थल में जो शिशु है उन प्रेरणाओं को प्राप्त करता हुआ बेटा अपने में महानता को धारण करने लगता है। तो मेरे प्यारे देखो ध्रुवाम ध्रुवम ब्रह्मा व्रतम अस्सुतम देवा सोमाम् ब्रम्हे हे सोम तू पान करने वाली तू सोम का पान कर।

बेटा! सोम का कौन पान करता है। मुझे स्मरण आता रहता है जब मैं कागभुषण्ड जी के आश्रम में प्रवेश करता रहा हूँ तो बेटा वह वाक् मुझे स्मरण आते रहते हैं जो उन्होंने एक समय लोमश मुनि से यह कहा कि प्रभु! मैं सोम को पान करना चाहता हूँ। उन्होंने कहा तुम अनुष्ठान करो। तो बेटा देखो वह प्रातः-कालीन याग करते रहे और याग करके उनमें जो तरंगो का, तरंगे उत्पन्न होती उन पदार्थों में से जो अग्नि में पदार्थ, अग्नि में प्रदान किए जाते हैं वे तरंगे मानों उन तरंगो में जो ज्ञान-विज्ञान विद्यमान था उसको प्रायः वह जानते रहते। मेरे प्यारे देखो वह अपने में **कागभुषण्ड जी ने देखो बारह वर्ष का अनुष्ठान किया** और वह अनुष्ठान करके मुनिवरो देखो अपनी महानता

को प्राप्त हो गये। तो विचार आता रहता है बेटा देखो अपने में कितने विचित्रत्व को प्राप्त होते रहे। तो आओ मेरे प्यारे विचार आता रहता है कागभुषण्ड जी ने इस प्रकार के मानों देखो **पांच अनुष्ठान किए बारह-बारह वर्ष के** और अनुष्ठान से ही मुनिवरो वह महान ऋषि कहलाए। विचार आता रहता है **अनुष्ठान कहते हैं नियम बद्धता को याग करना और सुगन्ध को देना। मुनिवरो देखो अपने विचारो को वेदा अमृत का पान करते थे वह सोम कहलाता है। ज्ञान में रत्त रहना ही मुनिवरो देखो अनुष्ठान कहलाया गया है।** तो उस समय कागभुषण्ड जी अपने में महान कहलाए।

उत्तरायण

तो विचार आता रहता है बेटा देखो मैं उच्चारण कर रहा था क्या हे अमृतम ब्राह्मणे सोम को प्राप्त करना चाहिए। मेरे प्यारे देखो वह ध्रुवाम विष्णु ब्रह्मा सोमान ब्रह्मे उदीची देखो उदीची सोम ब्रह्मा अमृतम देवा उदीची में सोम रहने वाला है। **हम उत्तरायण अपने जीवन को बनाए।** बेटा देखो मैनें तुम्हें कई काल में वर्णन करते हुए कहा था जिस समय बेटा देखो महाभारत के काल में जब मुनिवरो देखो पितामह भीष्म, जब भीष्म जी मृत्यु की शैय्या पर विद्यमान हो गये तो उन्होंने यह कहा था कि जब तक मैं अपने जीवन को उत्तरायण नहीं बना लूँगा जब तक इस शरीर को नहीं त्यागूगां। मेरे प्यारे देखो पितामह भीष्म अपने में उत्तरायण बन गये। तो मुनिवरो देखो कौन द्रोपताम ब्रह्मा देखो द्रोपदी उसे अन्न का पान कराती रहती। मुझे बेटा स्मरण आता रहता है द्रोपदी अन्न का पान कराती रहती। वह गायत्री छंदो का पठन-पाठन करती हुई अन्न को तपा करके मेरे प्यारे वह स्वयं भीष्म जी को अन्न का ग्रहण कराती और ग्रहण कराते-कराते उनकी पवित्र बुद्धियो को अन्नदान भूतम ब्रह्मा अन्न से मन का निर्माण होता है और मन की तरंगे बेटा देखो वह आत्मा की भूज्जी कहलाती है। आत्मा में आत्मा से ही वह प्रेरणा आत्मा की आत्मा के प्रकाश में देखो मन अपने क्रियाकलापो में रत्त होता रहता है। तो बेटा देखो उनका मन एकाग्र हो गया और जब मन मुनिवरो देखो छः माह में उनका

अस्त्रों-शस्त्रों से युक्त हो करके जो विश्वामित्र मृत्यु दण्ड देने के लिए तत्पर थे वह अश्रुपात जाने लगे और मुनिवरो देखो विश्वामित्र महाराज वशिष्ठ के चरणों में ओतप्रोत हो गये और यह कहा हे प्रभु! अब मुझे क्षमा कीजिए। तो उस समय जब वह अश्रुपात हो गये, नम्रता आ गई चरणो की, चरणो की वन्दना में लग गये उस समय उन्होंने ब्रह्मर्षि कहाँ। ब्रह्मर्षि किस समय बनता है, क्या मेरे प्यारे परमात्मा, परमात्मा निरभिमानी है जब तक मानव में अभिमान रहेगा तब तक जीवन उसका प्रिय नहीं बनेगा। इसलिए उन्होंने यह निश्चय किया कि परमात्मा तो निरभिमानी है और जब तक निरभिमान नहीं आ जायेगा तब तक परमात्मा को प्राप्त नहीं हो सकेगा। मेरे प्यारे उन्होंने ब्रह्मर्षि कह करके सम्बोधित किया तो वह ब्रह्मर्षि बन गये। तो विचार आता रहा है बेटा देखो **नम्रता ही मानव का जीवन है और ध्रुवा में गमन करने वाला ही विष्णु कहलाता है,** वेद का आचार्य कहता है वह विष्णु है।

ऊर्ध्वाकला

मेरे पुत्रो! देखो ऊर्ध्वा बृहस्पति ब्रह्मा लोकम रचितम मानों देखो ऊर्ध्वा में बृहस्पति रहता है। बृहस्पति कहते हैं जो देवताओ का मानों देखो आचार्यत्व कहलाता है। आचार्यों का कौन गुरू है? जो बृहस्पति है। मेरे प्यारे देखो देवताओं का गुरू बृहस्पति कहलाता है बृहस्पति कहते जो आचार से मानों पवित्र होता है और वह ब्रह्मचारियों को आचार की शिक्षा दे करके और उनको महान बनाता है मृत्यु से पार कर देता है। मृत्यु से पार होना ही बेटा देखो मृत्युञ्जय बनना है और वही मुनिवरो देखो ब्रहस्पति कहलाता है। तो विचार आता रहता है बेटा यह कलाए कहलाती हैं इनको जानना है। देखो **नम्रता का आ जाना नम्रता में परणित होना और बुद्धिमत्ता है जो अपने को अपने में धारण करने वाला है।** तो आओ मेरे प्यारे मैं तुम्हें विशेष चर्चा न देता हुआ केवल यह कि मुनिवरो देखो हमें अपने जीवन को अपनी कलाओ से सुशोभित करना चाहिए। मेरे पुत्रो! देखो यह कला कहलाती हैं सबसे प्रथम मानों ध्रुवा में विष्णु गमन करता है। विष्णु कहते हैं

अज्ञानी को। तो मुनिवरो देखो जब उत्तरायण जीवन बन गया तो उन्होंने गायत्री छन्दो का पठन-पाठन करने के पश्चात अपने शरीर को त्याग दिया। तो विचार आता रहता है बेटा उसे उत्तरायण कहते हैं।

तो मुनिवरो देखो उस समय जाबाला पुत्र सत्यकाम ने देखो वृषभ से कहा धन्य है भगवन् मुझे तुमनें चारो कलाओं का ज्ञान कराया है। चार कलाओं का अभिप्रायः यह है क्या मुनिवरो देखो वह प्राचीदिग् में अग्नि रहता है और मुनिवरो देखो उदय दक्षिणायन में इन्द्र और मुनिवरो देखो वह तत प्रणी कृतम ब्रह्मा और वह मुनिवरो देखो प्रतीचीदिग् में सोम रहने वाला है अमृतम ब्रह्मा देखो वरूण रहता है और उत्तरायण में सोम रहता है। वह सोम ज्ञान को कहते हैं और मुनिवरो देखो प्रति अमृतम सोम कहते हैं अमृत को पान करने वाले को ज्ञानम भूतम ब्रह्मा। तो इस प्रकार बेटा जब ऋषि ने अपना वर्णन किया तो वर्णन करने के पश्चात् वह वृषभ शान्त हो गया और वृषभ ने कहा कि जाओं अग्नि कलाओं का ज्ञान तुम्हे सूर्य देवता कराऐगें।

ध्रुवा कला

तो मेरे प्यारे! देखो अगला जो दिवस आया। प्रातः कालीन जाबाला पुत्र सत्यकाम ने याग किया और याग करके वहां से जब गऊओं को ले करके प्रस्थान किया। तो मेरे प्यारे अगला जो दिवस, अगला जो सायंकाल हुआ, सायंकाल के समय बेटा उन्होंने पुनः याग किया और याग करने के पश्चात उनमें से एक मानों सूर्य देवता प्रगट हुए और यज्ञ के पश्चात् उन्होंने कहा हे जाबाला पुत्र! आओं मैं तुम्हें चार कलाओं का ज्ञान करा देता हूँ। उन्होंने बेटा देखो ध्रुवाम अमृतम ऊर्ध्वाम उन्होंने कहा कि देखो चन्द्र कला, सूर्य कला यह चार कला कहलाती हैं। सबसे प्रथम कला का नाम हमारें यहां देखो ध्रुवा कहलाता है। ध्रुवा कहते हैं जो विष्णु है, पालन करने वाला है ध्रुवा कहते हैं। जो मुनिवरो देखो ध्रुव में जो नम्र हो करके गमन करता है वहीं ध्रुवा में रहने वाला है। मेरे प्यारे उन्होंने कहा विष्णु ध्रुवा में रहता है इसलिए उदीचीदिग् सम ब्रह्मा वर्णस्सुते वृथम अब वण देखो वर्ण

सप प्रवाह लोकाम हे मानव तू ध्रुवा बन। मानों ध्रुवा में विष्णु रहता है और वह विष्णु हमारा कल्याण करने वाला वह ध्रुवा है। जब माता-पिता बनते हैं तो मानों वह ध्रुवा बिना माता पिता नहीं बनते। मेरे प्यारे आचार्य भी ध्रुवा में गमन करने वाला है। विचार आता रहता है ध्रुवा राजा है जो अपनी प्रजा का पालन करके नम्र हो करके पालन किया जाता है तो इसलिए ध्रुवा में रहने वाला मानव विष्णु कहलाता है। अब विष्णु अस्सुतम बन करके अपने जीवन को ऊर्ध्वा में गमन कराते रहें। तो आओ मेरे प्यारे देखो वेदाचार्यो ने इस प्रकार वर्णन करते हुए कहा क्या ध्रुवा में विष्णु है।

मुनिवरो देखो जो ध्रुवा में गमन करता है मुझे स्मरण आता रहता है क्या ध्रुवा कहते हैं जो निरभिमानी होता है। निरभिमानी को ही मुनिवरो देखो ध्रुवा कहते हैं। मुझे स्मरण आता रहता है साहित्य की चर्चाए हैं जब बेटा देखो एक समय महाराजा विश्वामित्र का और वशिष्ठ मुनि महाराज का दोनो का देखो इन्हीं वाक्यों पर देखो एक विवादग्रस्त उनका एक जीवन बन गया। मेरे प्यारे देखो करोड़ो गायत्रियों का जपन करने के पश्चात् महर्षि विश्वामित्र मेरे प्यारे देखो भयंकर वन में अनुष्ठान करते रहे। एक गऊ को अपने में वशीभूत करने के केवल मात्र से जब वह मुनिवरो देखो केवलम ब्रह्मा जब वह करोड़ो गायत्रियों का जाप करने के पश्चात जब पुनः बेटा देखो अपने अस्त्रों-शस्त्रों से युक्त हो करके वह महर्षि वशिष्ठ मुनि महाराज के द्वार पर आये और वशिष्ठ मुनि महाराज को यह उस समय एक निहित था जब तक वह किसी को ब्रह्मवेत्ता उपाधि नहीं प्रदान करते थे तब तक मानों देखो वह ब्रह्मा वह ब्रह्म उपाधि को प्राप्त नहीं होता था, उसको ब्रह्मर्षि नहीं कहा जाता। तो मुनिवरो देखों जब महाराजा विश्वामित्र जब अस्त्रों-शस्त्रों से युक्त हो करके और वशिष्ठ मुनि के आश्रम में पहुंचे तो उन्होंने कहा आईये राजर्षि जी। अब राजर्षि जी उच्चारण करते उसके मनों में एक अग्नि प्रदीप्त हो गई और यह कहा हे ब्रह्माण! तू अभिमानी है। उन्होंने क्रोध में आ करके उनके एक ब्रह्मचारी को मानों देखो मृत्यु दण्ड दे दिया। मृत्यु दण्ड दे करके चले

आये। तो ऐसा कहा जाता है क्या विश्वामित्र के सात-जन्मो का पुण्य मानों देखो उसी समय नष्ट हो गया। मेरे प्यारे देखो मुझे स्मरण है पुनः वह तपस्या के लिए चले गये और जब तपस्या के लिए चले गये तो पुनः गायत्री छन्दो में पुनः से मानों उसमें रमण करने लगे। ऐसा मानों देखो बारह वर्ष का और बारह क्या बारह अमृतम मानों चौबीस वर्षो का उन्होंने पुनः तप किया। **तप कहते हैं इन्द्रियो को संयम में करना और तप कहा जाता है तपम ब्रह्मा परमात्मा को एक-एक कण-कण में स्वीकार करना** और इन्द्रियों में मानों **इन्द्रियों को मृत्यु से पार करने का नाम तप कहा जाता है।** तो मेरे प्यारे देखो महात्मा विश्वामित्र ने जब इस प्रकार का तप किया तो उन्हें आह्वान होने लगा हे विश्वामित्र तुम्हारा तप पूर्ण हो गया तुम तपस्वयं ब्रह्मा। मेरे प्यारे देखो वहां से वह गमन करते हैं और अपनी राष्ट्रीय वृतियों में आये तो मानों उन्होंने अस्त्रों-शस्त्रों से युक्त हो करके पुनः जब वशिष्ठ आश्रम में पहुँचे तो बेटा देखो उन्होंने कहा आईये राजर्षि जी। राजर्षि जी उच्चारण करते पुनः अग्नि प्रदीप्त हो गई क्रोधाग्नि जागरूक हो गई। उन्होंने कहा इस ब्राह्मण को मृत्यु दण्ड दूँगा यह मानों देखो यह अभिमानी है। तो उस समय उनकी शान्त वाटिका में विद्यमान हो गये और विद्यमान होने के पश्चात् मेरे प्यारे देखो वह शान्त हो गये। चन्द्रमा अपनी सम्पन्न कलाओं से युक्त थे। चन्द्रमा मानों अपनी पूर्ण कलाओ से युक्त होते हुए उन्होंने अमृतम माता अरूणधति बोली कि हे प्रभु! यह चन्द्रमा अपनी कैसी सम्पूर्ण कलाओं से मानों देखो सुशोभित हो रहे हैं, कैसी कलाए हैं षोडश-कलाओ से युक्त हैं। उन्होंने कहा हे देवी! यह जो चन्द्रमा का जो प्रकाश है यह कोई प्रकाश नहीं है जितना प्रकाश महर्षि विश्वामित्र का है। उन्होंने कहा हे प्रभु! आप भी बड़े विचित्र हैं। आपके एक ब्रह्मचारी को मृत्यु दण्ड दे दिया और आप देखो आपको अशुद्ध वार्ता प्रगट करते रहते हैं उसके पश्चात भी आप प्रशंसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हे देवी! मैं उनके गुणों की प्रशंसा कर रहा हूँ अवगुणों की प्रशंसा नहीं कर रहा हूँ। उनमें मानों जितना तप है, तप के पश्चात यदि उसमें नम्रता नहीं आती तो ब्रह्म का, ब्रह्म का ज्ञान उसे नहीं हो सकेगा तो मानों देखो जो वाटिका में शान्त

पूज्यपाद गुरुदेव का जन्मोत्सव

परमपिता परमात्मा की असीम अनुकम्पा से पूज्यपाद गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज, आदि गुरु ब्रह्मा जी के परम प्रिय शिष्य का 69वां जन्मोत्सव दिनाँक 13 सितम्बर से 15 सितम्बर 2011 तक गुरुदेव की कर्मभूमि एवम् निर्माणीत यज्ञोय स्थली लाक्षागृह बरनावा में सामवेद ब्रह्म पारायण महायज्ञ के आयोजन द्वारा प्रति वर्ष की भाँति बड़े हर्षोल्लास के साथ गांधी धाम समिति (पंजी.) के द्वारा मनाया जा रहा है।

अतः आप सभी से नम्र निवेदन है कि योग निष्ठ गुरुदेव द्वारा पुनः से प्रज्वलित इस यज्ञ ज्योति को निरन्तर ऊर्ध्वा में ले जाने के लिये आप अपने परिवार, सगे-सम्बन्धी एवम् मित्रो सहित भाग लेकर आहुति प्रदान करें।

गाँधी धाम समिति (पंजी.)

जो पालन करने वाला है। **नम्रता से पालन किया जाता है** जैसे मैं इससे पूर्व काल में बेटा माता की चर्चा कर रहे थे। माता को विष्णु कहते हैं क्योंकि वह पालन करने वाली है, परमात्मा को विष्णु कहते हैं जो पालन करने वाला है, सूर्य को विष्णु कहते हैं जो सहस्त्रों किरणो से संसार को प्रकाश में रत्त करने वाला है और नम्रम ब्रह्मा देवतत्वाम वह नम्र है मानों सबको एकसा प्रकाश देता है इसी प्रकार ध्रुवा में विष्णु रहता है। हे विष्णु मानों तू नम्र है, तू अपने में, देखो **माता-पिता भी जब ही नम्र बनते है जब ही पालना में प्रवेश होता।** तो मेरे प्यारे देखो ध्रुवाम मम ब्रह्मणे ध्रुवा अस्सुतम देवम ब्रह्मा सोमन ब्रह्मे क्रमत। मेरे प्यारे! देखो ध्रुवा में विष्णु रहता है ऊर्ध्वा में बृहस्पति है। बृहस्पति कहते हैं जो बेटा ऊर्ध्वा में अपने जीवन को बनाता है, बुद्धिमान बनता है और जो मानव देखो विद्या का अध्ययन करता हुआ वह मुनिवरो देखो ध्रुवाम ब्रह्मण व्रतम देवा वह ध्रुवा में गमन करने वाला है तो वही तो मुनिवरो देखो संसार में कल्याण के मार्ग पर चलता है।

तो आओ मेरे प्यारे! विचार क्या मुनिवरो देखो मैनें छः-कलाओं का तुम्हें ज्ञान कराया है। छः-कलाओं में क्या है बेटा देखो प्राचीदिग्, दक्षिणीदिग् और प्रतीचीदिग् और उदीचीदिग् और ध्रुवाम ब्रह्मा देखो वह ध्रुवा में विष्णुदिग् और ऊर्ध्वा में बृहस्पति गमन करने वाला है। तो मेरे प्यारे **जब परमात्मा को हम देखो सर्वत्रता में दृष्टिपात करेगें तो हमारी साधना पूर्ण हो जायेगी।** साधक बन करके बेटा, परमात्मा को, निरभिमानी बन करके मुनिवरो देखो उसको हम प्राप्त कर सकते हैं। तो यह बेटा आज का वाक् अब मुझे समय मिलेगा तो तुम्हें शेष चर्चाएं कल प्रगट करूँगा। आज का विचार-विनिमय क्या कि हम परमपिता-परमात्मा की आराधना करते हुए देव की महिमा का गुण-गान गाते हुए मेरे प्यारे! देखो हम स्वयं अपने में इन्द्र बनें और स्वयं विष्णु बनें और मुनिवरो देखो बृहस्पति बन करके अपने जीवन को महानता मे ले जाएँ जिससे हमारा जीवन एक पवित्रता को धारण करता रहे। इसी प्रकार बेटा देखो छः-कलाओं का ज्ञान इसमें पूर्व काल में प्रगट

करेंगे।

आज का हमारा अभिप्राय यह कि **हम परमपिता-परमात्मा की महती और उसके ज्ञान और विज्ञान में रत्त हो जाएँ। प्रत्येक इन्द्रियों पर संयम करके उन्हें मृत्यु से पार ले जाएं।** इन्द्रियों को बिना मृत्यु के पार लिए बिना बेटा देखो मानव मृत्युञ्जय नहीं बनता। नम्रता, ज्ञान और प्रकाश में नही पहुंच पाता इसलिए **प्रकाश में रत्त होना हमारा कर्तव्य है।** यह है बेटा! आज का वाक्। अब मुझे समय मिलेगा तो मैं तुम्हें शेष चर्चाए कल प्रगट करूँगा। आज के वाक् उच्चारण करने का अभिप्राय हमारा यह कि हम **परमपिता-परमात्मा की आराधना करते हुए और देव की महिमा का गुणगान गाते हुए अपने मानव जीवन को हम सार्थक बनाएं और अपने जीवन की धाराओं को जान करके सागर से पार होने का प्रयास करें।** यह है बेटा! आज का वाक्। अब समय मिलेगा तो शेष चर्चाएं कल प्रगट करेगें। आज का वाक् समाप्त अब वेदो का पठन-पाठन।

ओ३म् देवा आभ्यां मनाः रथं आप्यां दधिः।

ओ३म् रथं मनः गायन्त्वाभिः देवा आभ्यां मनः प्राची रथं आप्यां मनाः।

ओ३म् यश्चाहं ब्रह्मण दधि वाचन्नमः दधिस्सर्वं ब्रह्म आपः।

अच्छा भगवन्! आज्ञा।

दिनाँक : 10-जून-1992
समय : रात्रि 8 बजे।
स्थान : चौ. लहरी सिंह,
कसेरवा खुर्द, मुमफ्फरनगर।

❐❐

उद्बोधन

हमारे यहाँ भिन्न-भिन्न प्रकार के ऋणों की चर्चा आती है। आज मैं उन ऋणों की चर्चा में जाना नहीं चाहता हूँ, केवल अपने प्यारे प्रभु का गुण-गान गाते हम अपना अध्ययन प्रारम्भ कर देते हैं। प्रायः सभी मानवों का यह कर्तव्य हो जाता है। **प्रातःकाल की अमृतमयी वेला में जागरुक हो जाने के पश्चात् प्रभु का चिन्तन करना, उसकी महिमा को विचारना मानव का एक महान कर्तव्य हो जाता है।** आज कोई मानव यह कह रहा है कि मैं किसी प्राणी के लिए यह कार्य कर रहा हूँ या चेतना के लिए या ईश्वर तत्व के लिए परन्तु यह नहीं माना जाता। **सँसार में जो भी कर्म करता है वह मानव स्वयं अपने ही लिए करता है। अपनेपन में ही उसे प्रसिद्धि प्राप्त होती है।** अपनेपन में ही उसे नाना प्रकार से उसका आत्म हृदय उसको धिक्कारने लगता है परन्तु जिसका अन्तरात्मा धिक्कारता है उस मानव को ही सँसार में जीने का अधिकार प्राप्त नहीं होना चाहिए। क्योंकि जीवन उन प्राणियों को सदैव प्राप्त होना चाहिए जिनको अपनी आत्मा पर अटूट श्रद्धा होती है, विश्वास होता है। जिसको अपनी आत्मा पर, स्वयँ की प्रवृत्तियों पर विश्वास और श्रद्धा नहीं होती उस मानव का अन्तरात्मा उसको धिक्कारता रहता है परन्तु वह सदैव अपने प्रकृति के अवेशों में आ करके अपनी प्रतिभा को ऐसे समाप्त कर देता है जैसे सायँकाल के सूर्य की किरणें अस्त हो जाती हैं। मानव का सँसार में एक ही कर्तव्य रहता है कि दुर्गुणों को त्यागना और शुभ कर्मो को अपनाना। यह मानव का विचित्र कर्तव्य होता है। जिसके ऊपर मानव को अध्ययन करना है।

पूज्यपाद गुरुदेव

अगस्त 2011/यौगिक प्रवचन

मासिक सहयोगी

श्री हरिराम गुप्ता, केसर स्टील, वजीरपुर, दिल्ली	1000 रुपये
श्री अरुण त्यागी, राजनगर, गाजियाबाद	500 रुपये
श्री सुकेश त्यागी, आर. के. पुरम, नई दिल्ली	500 रुपये
श्री संजीव त्यागी (दिनकरपुर) फरीदाबाद	500 रुपये
श्री विनोद त्यागी, सुपुत्रश्री-जयप्रकाशजी मकनपुर, गाजि.	500 रुपये
श्री पूनम त्यागी, नोएडा	500 रुपये
श्री वी. पी. सिंह, होशियारपुर, पंजाब	500 रुपये
डॉ. शुचि, डॉ. राजीव, आणद, गुजरात	250 रुपये
श्री नानकचन्द, देहरादून	200 रुपये
श्रीमती शशि गुप्ता, नोएडा,	125 रुपये
डॉ. ओ. पी. आर्य, आगरा	125 रुपये
श्री गुलजार सिंह, जगत पुरी, कृष्णा नगर, दिल्ली	100 रुपये
श्रीमती वीना त्यागी, (अलीगढ़) दिल्ली	100 रुपये

सूचना

यौगिक प्रवचन मासिक पत्रिका प्रत्येक मास की 10\11 तारीख को प्रेषित की जाती है। पत्रिका प्राप्त न होने की स्थिति में हमें एक सप्ताह के बाद लिखें। सूचना मिलने पर पत्रिका पुनः प्रेषित करेंगे।

E-Mail :-contact@shringirishi.in
Website::www.shringirishi.in

वैदिक अनुसन्धान समिति (पंजी.)

14 सितम्बर 1942 में, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के, ग्राम खुर्रमपुर सलेमाबाद में, एक बालक का जन्म हुआ। बालक जन्म से ही एक विलक्षणता से युक्त था और विलक्षणता यह कि जब भी वह बालक सीधा, शवासन की मुद्रा में, कुछ अन्तराल लेट जाता या लिटा दिया जाता। तो उसकी गर्दन दायें बायें हिलने लगती, कुछ मन्त्रोच्चारण और उसके बाद पुरातन संस्कृति पर आधारित लगभग 45 मिनट तक एक दिव्य प्रवचन होता। बाल्यावस्था होने के कारण, प्रारम्भ में आवाज अस्पष्ट होती और जैसे आयु बढ़ने लगी वैसे ही आवाज और विषय दोनों ही स्पष्ट होने लगे। पर एक अपठित बालक के मुख से ऐसे दिव्य प्रवचन सुनकर, जनमानस आश्चर्य करने लगा। इस बालक की ऐसी दिव्य अवस्था और प्रवचनों की गूढ़ता के विषय में कोई भी कुछ कहने की स्थिति में नहीं था।

इस स्थिति का स्पष्टीकरण भी दिव्यात्मा के प्रवचनों से ही हुआ। कि यह आत्मा सृष्टि के आदिकाल से ही विभिन्न कालों में शृंङ्गी ऋषि की उपाधि से विभूषित और सतयुग के काल में आदि ब्रह्मा के शाप के कारण सभी युगो में जन्म का कारण बनी।

श्री कृष्णदत्त 'ब्रह्मचारीजी' नाम से सम्बोधित गुरुदेव इस जन्म में भले ही अपठित रहे, लेकिन शवासन की मुद्रा में आते ही इनका पूर्वजन्मित ज्ञान, उद्बुद्ध हो जाता और ये अन्तरिक्ष-स्थ आत्माओं को दिव्य उद्बोधन, प्रवचन करते। शरीर की स्थिति यहाँ होने के कारण हब सबको भी इनकी दिव्य वाणी सुनाई देती। इन प्रवचनों में ईश्वरीय सृष्टि का अद्भुत रहस्य समाया हुआ है, ब्रह्माण्ड की विशालता, सृष्टि का उद्देश्य, आत्मा-परमात्मा का स्वरूप, वैदिककालीन ऋषियों की जीवनचर्चा, ऐतिहासिक दिव्य पुरुषों का जीवन, योग, यज्ञ और आयुर्वेद का वास्तविक स्वरूप विभिन्न कालों का आँखों देखा सदृश्य वर्णन, वैदिक संस्कृति के प्राण कहे जाने वाले भगवान् राम और भगवान् कृष्ण की जीवन की दिव्यता का दर्शन, क्या कुछ दिव्य नहीं है इन प्रवचनों में? ये किसी भी मनुष्य का, समाज का और राष्ट्र का मार्ग करने का सामर्थ्य रखते हैं।

गुरुदेव की 20 वर्ष की अवस्था तक ये प्रवचन ऐसे ही जनमानस को आश्चर्यचकित और मार्गदर्शन करते रहे। परन्तु दिल्ली के कुछ प्रबुद्ध महानभावों ने प्रवचनों की इस निधि को संग्रहित (टेपरिकार्ड) करके पुस्तक रूप में प्रकाशित करने का निश्चय किया, जिसके लिए ''वैदिक अनुसंधान समिति'' नामक संस्था का गठन किया गया। जिसके द्वारा सन् 1962 से प्रवचनों का संग्रह और प्रकाशन प्रारम्भ हुआ। इस दिव्यात्मा ने पूर्व निर्धारित 50 वर्ष के जीवन को भोगकर 1992 में महाप्रयाण किया।

इस अन्तराल गुरुदेव के लगभग 1400 प्रवचन रिकार्ड किये गये। जिनको धीरे-धीरे पुस्तक रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। वैदिक जीवन और वैदिक संस्कृति का जो स्वरूप इनमें समाया हुआ है, उसके संरक्षण और प्रसारण के लिए हर वैदिक धर्मी को सहयोगी बनना चाहिए, जिससे वसुधैव कुटुम्बकम की संस्कृति से निहित यह महान् ज्ञान जनमानस में प्रसारित हो सके और उसके उत्थान का मार्ग प्रशस्त कर सके।

वैदिक अनुसंधान, समिति (पंजी.)

योगनिष्ठ पूज्यपाद ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज (शृङ्गी ऋषि) की अमृतवाणी संहीता के रूप में

1. आत्म-लोक	25.00	31. दिव्य-ज्ञान	35.00
2. आत्मा व योग-साधना	25.00	32. महर्षि-विश्वामित्र का धनुर्याग	25.00
3. अलङ्कार-व्याख्या	35.00	33. आत्म-उत्थान	30.00
4. यज्ञ-प्रसाद अर्थात् यज्ञ का महत्व	40.00	34. तप का महत्त्व	30.00
5. धर्म का मर्म	30.00	35. अध्यात्मवाद	25.00
6. देवपूजा	20.00	36. ब्रह्म-विज्ञान	35.00
7. रामायण के रहस्य	35.00	37. वैदिक-प्रभा	30.00
8. महाभारत के रहस्य	20.00	38. प्रकाश की ओर	35.00
9. महाराजा-रघु का याग	25.00	39. कर्तव्य में राष्ट्र	35.00
10. मोक्ष प्राप्ति का मार्ग	30.00	40. वैदिक-विज्ञान	35.00
11. वनस्पति से दीर्घ-आयु	25.00	41. धर्म से जीवन	30.00
12. चित्त की वृत्तियों का निरोध	25.00	42. आत्मा का भोजन	35.00
13. आत्मा, प्राण और योग	20.00	43. Yogic Wisdom of Ancient Rishis	50.00
14. पञ्च-महायज्ञ	30.00	44. पूज्यपाद ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज एवम्, कर्मभूमि लाक्षागृह	10.00
15. अश्वमेघ-याग और चन्द्रसूक्त	30.00	45. साधना	30.00
16. याग-मन्जूषा	25.00	46. यज्ञोमयी-विष्णु	40.00
17. आत्म-दर्शन	25.00	47. त्रेताकालीन-विज्ञान	40.00
18. पुत्रेष्टि-याग और मातृ-दर्शन	25.00	48. योगिक प्रवचन माला भाग-6	60.00
19. यौगिक प्रव. मा. (भाग 1-5) प्रत्येक	50.00	49. स्वर्ग का मार्ग	40.00
20. वेद पारायण-यज्ञ का विधि विधान	25.00	50. शंका-निवारण	25.00
21. रावण-इतिहास	40.00	51. यौगिक प्रवचन माला भाग-7	60.00
22. याग और तपस्या	45.00	52. माता मदालसा	40.00
23. यज्ञ एवं औषधि विज्ञान	40.00		
24. यागमयी-साधना	30.00		
25. यागमयी-सृष्टि	25.00		
26. दिव्य-रामकथा	100.00		
27. महाभारत एक दिव्य दृष्टि	80.00		
28. याग-चयन	25.00		
29. ज्ञान-कर्म-उपासना	25.00		
30. अतीत का दिग्दर्शन (भाग 1-3) प्रत्येक	100.00		